Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 29-05-2022 | अंक 239

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## करसो पंचायत के कोनियाडीह में बना मनरेगा के तहत शौचालय दो साल से नहीं हुआ पूरा, ग्रामीणों में रोष

### ग्रामीण खुले में शौच करने के लिए मजबूर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत करसो पंचायत के कोनियाडीह में मनरेगा के तहत बना शौचालय निर्माण में घोर अनियामित्तता बरतने का मामला प्रकाश में आया है। इस गांव में कुल 14 शौचालय का निर्माण किया गया लेकिन किसी भी शौचालय का कार्य पूरा नहीं किया गया। ग्रामीणों ने बताया की 2020 में शौचालय का निर्माण कराया गया था लेकिन आज तक शौचालय के छत का ढलाई नही किया गया है और न ही दरवाजा लगाया गया है, जिसके कारण आज तक शौचालय को उपयोग में नही लाया गया है। जिससे ग्रामीणों में काफी रोष है। शौचालय अर्धनिर्मित होने के कारण लोग उसमे लकड़ियां, गोबर का गोइठा रखने को मजबूर है। वहीं शौचालय पाने वाले लाभुको में सतिश्वर रविदास, बीरेंद्र रविदास, बालगोविंद रविदास, जितेंद्र रविदास, सुरेंद्र भुइयां, जगदीश भुइयां, राजू भुइयां, शंकर भुइयां, पिंटू भुइयां, महेश भुइयां, कुलदीप भुइयां, अरुण भुइयां एवं पिंटू भुइयां ने बताया की शौचालय का प्लास्टर भी सही नही है और अब शौचालय सिर्फ शोभा का वस्तु बनकर रह गया है। जिससे ग्रामीण खुले में शौच करने के लिए मजबूर है।

**शौचालय क्यों है जरूरी**

शौचालय होने के कई लाभ है। महिलाओं के मान सम्मान और बुजुर्गो के सु. विधा के लिए घरों में शौचालय होना चाहिए।

**स्वच्छता के लिए शौचालय क्यों है जरूरी**

शौचालय ही वह स्थान है जहां मानव मल का एक ही स्थान पर निपटान संभव है। जिससे पर्यावरण साफ सुथरा और सुरक्षित रखा जा सकता है।

**हर घर में शौचालय क्यों है जरूरी**

स्वच्छता के लिए शौचालय हर घर में इसलिए जरूरी है क्योंकि इससे सिर्फ मानव को ही नही बल्कि यह आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए भी आवश्यक है खुले पड़े मल से न सिर्फ भू जल प्रदूषित होता है, बल्कि कृषि उत्पाद भी इस प्रदूषण से अछूते नहीं रहते है। यही मल डायरिया, हैजा, टाइफायड जैसी घातक बीमारियों के कीटाणुओं को भी फैलाता है।

## केदारुत में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने जागरण मंच का किया उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत केदारुत में श्री श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं राधे कृष्ण सा हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के आखिरी दिन संध्या में जागरण का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल बतौर मुख्य अतिथि मनोज यादव ने फीता काटकर किया। वहीं कलाकारों द्वारा रात एक से बढ़कर एक भक्ति गीत पेश किया जिससे पूरा केदारुत भक्तिमय हो उठा। और लोग झूमने पर मजबूर हो गए। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बरही पश्चिमी जीप सदस्य प्रीति कुमारी, बरही पश्चिमी जीप प्रति. निधि गुरुदेव गुप्ता, मुखिया सरिता देवी, मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, मंदिर निर्माणकर्ता टेकलाल यादव, समाजसेवी दुलार यादव, इंद्रदेव ठाकुर, सचिन यादव, रवि रंजन यादव एवं रंजीत यादव मुख्य रूप से शामिल थे।

## युवाओं ने किया वृक्षारोपण







**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

पर्यावरण संरक्षण के लिए युवाओं ने छायादार और फलदार पौधे लगाए। साथ ही साथ उन्होंने सभी युवाओं से आग्रह किया की एक पेड़ अपने नाम का अवश्य लगाएं। युवा समा. जसेवी सचिन कुमार ने बताया की पर्यवारण की सुरक्षा के लिए पेड़ अहम भूमिका निभाते है। उन्होंने सभी युवाओं से अपील किया की इस पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में एक पेड़ अवश्य लगाएं। ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत से ऐसे स्थान है जहां अभी भी काफी जगह खाली पड़ी हुई है। पर्यावरण का संरक्षण रखना हमारा नैतिक जिम्मेदारी बनती है।

## स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में शिक्षा प्रेमियों की बैठक, पुस्तकालय विकास पर चर्चा

### बरही को शिक्षा हब के रूप में विकसित करने में सहायक होगा स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय : प्रो सुनील

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बैठक में मौजूद शिक्षाविद एवं समाजसेवी

प्रखंड परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में बरही के प्रबुद्धजन, सिक्षाप्रेमियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता व संच. ालन सचिव कृष्णा प्रजा. पति ने किया। बैठक में उपस्थित शिक्षा प्रेमियों एवं प्रबुद्धजनों ने पुस्तकालय के महत्व एवं विकास पर चर्चा की। सभी ने पुस. तकालय के विकास को लेकर अपनी अपनी विचार रखे। प्रो डॉ० सुनील कुमार दत्ता ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में । स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय बरही का धरोहर है। जिसके माध्यम से बरही को शिक्षा हब के रूप में विकसित किया जा सकता है। पुस्तकालय के माध्यम से करियर काउंसिलिंग होते रहना चाहिए। इससे बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होगी। प्रो बद्री साव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय शिक्षा के क्षेत्र में अपना अलग पहचान बना रहा है। बड़े बड़े संस्थान अब बरही में अपना ब्रांच खोलने लगे हैं। जिसका केंद्र में पुस्तकालय ही है। समाजसेवी राजकुमार राणा ने कहा कि पुस्तकालय शिक्षा के साथ साथ कला विकास को भी बढ़ावा दे रहा है। यह एक अच्छी पहल है। सभी ने पुस. तकालय के विकास को लेकर सहयोग करने की बात कही। प्रतियोगी परीक्षार्थियों के लिए जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने भी जोर दिया गया। मौके पर शशि भूषण, पप्पू चन्द्रवंशी, प्रो बद्री साव, मनोज उपाध्याय, ब्रजेश ठाकुर, दिनेश्वर यादव, प्रहलाद प्रसाद, रवि शंकर यादव, राजकुमार राणा, मनोज कुमार, पप्पू खान, अशोक यादव,उमेश कुमार, अनिल कुमार आदि लोग मौजूद थे।

## हिंदू महिलाएं कल करेगी वट वृक्ष पूजा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



हिंदू धर्म में वट सावित्री व्रत का विशेष महत्व है। वट सावित्री का व्रत सुहा. गिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए रखती है। इस दिन बरगद के पेड़ की पूजा की जाती है। वट सावित्री व्रत हर साल ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को रखा जाता है। सुहागिन महिलाएं इस दिन विधि विधान के साथ भगवान विष्णु, मां लक्ष्मी और वट वृक्ष यानी बरगद के पेड़ की पूजा करती है। मान्यता है की इस व्रत को रखने से सुख समृद्धि वा अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है की आखिरकार बरगद के पेड़ की पूजा क्यों की जाती है।

मान्यता है की ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि के दिन वट वृक्ष की छांव में देवी सावित्री ने अपने पति को पुनः जीवित किया था। इस दिन से ही वट वृक्ष की पूजा की जाने लगी। हिंदू धर्म में जिस प्रकार पीपल के वृक्ष को भगवान विष्णु का प्रतीक माना जाता है ठीक उसी प्रकार मान्यता है की तीर्थकर ऋषभदेव ने अक्षय वट के नीचे तपस्या की थी । इस स्थान को प्रयाग के ऋषभदेव तपस्थली नाम से भी जाना जाता है।

**वट वृक्ष की पूजा का धार्मिक महत्व**

शास्त्रों के अनुसार, बरगद के वृक्ष के तने में भगवान विष्णु, जड़ों में ब्रह्मा और शाखाओं में भगवान शिव का वास है। इस वृक्ष में कई सारी सखाएं नीचे की और होती है, जिन्हे देवी सावित्री का रूप माना जाता है। इसलिए मान्यता है की इस वृक्ष की पूजा करने से भगवान का आशीर्वाद प्राप्त होता है और हर मनोकामनाएं पूरी होती है। संतान प्राप्ति के लिए इस वृक्ष की पूजा करना लाभकारी माना जाता है।

## सड़क पार करने के दौरान वृद्ध व्यक्ति हुआ घायल, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर में हुई सड़क दुर्घटना में 60 वर्षीय रघुनाथ महतो गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार रघुनाथ महतो उम्र 60 वर्ष पिता हरी महतो झुमरा निवासी अपने बेटी के घर करियातपुर जा रहे थे। इसी क्रम में सड़क पार करने के दौरान तेज गति से आ रही अज्ञात वाहन ने अपने चपेट में ले लिया। जिसमे रघुनाथ महतो गंभीर रूप से घायल हो गए। आस पास के लोगो के सहयोग से बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार कर गंभीरवस्था में सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## बेडोकला पंचायत में मुखिया ने चापानल मरम्मती कराई

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा प्रखण्ड क्षेत्र के नव निर्वाचित मुखिया रिंकी कुमारी ने पेयजल को लेकर ग्रामीणों को जो रही समस्याओं के मद्देनजर बेडो. कला के विभिन्न टोलो में चापानल की मरम्मती कराई इस कड़ी में पंचायत के कोडराटांड, राणा टोला, उदयसिंगा दुर्गा मंडप, मध्य विद्यालय बेडोकला, रामेश्व. रधाम शिव मंदिर , कारी चट्टान भैरो साव, हेठजोनगी श्यामलाल बैठा के आसपास चापानलों को दुरुस्त किया गया मुखीयस प्रतिनिधि देवेंद्र पांडेय ने कहा ग्रामीण इलाकों में किसी भी परेशानी को खत्म करना उसकी समस्याओं को समाप्त करना हमारा पहला उदेश्य है हमने जनता किया हर उस जनहित के कार्यो को पूरा करना है जो नितांत आवश्यक है मौके पर मुखिया प्रतिनिधि देवेन्द्र पांडेय भी उपस्थित थ

## भालू के काटने से वृद्ध व्यक्ति हुआ जख्मी

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**

चलकुशा :- थाना अंतर्गत ग्राम बरियौन पंचायत मस. केडीह निवासी प्रेम सिंह जंगल घुमने गया था। इस दौरान भालू ने अचानक हमला कर दिया। जिस दौरान भालू ने प्रेम सिंह के हाथ में कांट कर जख्मी कर दिया। जिसका इलाज मरकच्चो समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया।

## लदाख सड़क हादसे में शहीद हुए संदीप पाल का शव पहुंचा हजारीबाग, अंतिम संस्कार में उमड़ा जनशैलाब



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

शुक्रवार को लद्दाख के तुरतुक सेक्टर में एक भीषण सड़क हादसे में भारतीय सेना के 7 जवान शहीद हो गए। इस भीषण सड़क हादसे में हजारीबाग के लाल इंडियन आर्मी के नायक पद में पदस्थापित संदीप कुमार पाल का भी आकस्मिक निधन हो गया। सेना के जवान संदीप कुमार पाल हजारीबाग शहर के खीरगांव स्थित गड़ेरी मो. हल्ला के निवासी थे। उनका उम्र महज 32 वर्ष था और अविवाहित थे। संदीप के पिता का नाम जयनंदन कुमार पाल है। इनके बड़े भाई प्रिंटिंग दुकान में कार्य करते हैं और बहनों की शादी हो गई है। संदीप की मां पिछले कोरोना काल वर्ष 2020 में काल के गाल समां गई थी।

जवान संदीप के परिजनों को शुक्रवार की शाम को दूरभाष के माध्यम से इस घटना की जानकारी दी गई। जिसके बाद परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल हो गया। रविवार की दोपहर को संदीप का पार्थिव शरीर हजारीबाग पंहुचा तो उनके अंतिम दर्शन को पूरा हजारीबाग से जन सैलाब उमड़ पड़ा। शव पहुंचने से करीब डेढ़ घंटे पूर्व हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल इनके खिरगांव स्थित घर पंहुचे और इनके पिता जयनंदन पाल सहित अन्य परिजनों से मिलकर उनका ढांढस बंधाया एवं हिम्मत बढ़ाया। विधायक मनीष जायसवाल डेढ़ घंटे तक शव के आने का उनके घर पर ही परि. जनों और स्थानीय लोगों के साथ इंतजार करते रहें। शव के यहां पहुंचते ही हर आंखें नम हो गई। संदीप के परिजन और मोहल्लेवासी विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों के बीच कोहराम सा मच गया। महिलाएं फफक-फफक कर रोने लगी और उनके क्रंदन से पूरा वातावरण गमगीन हो गया। संदीप की एक झलक पाने को यहां उमड़ा जनसैलाब आतुर दिखा और लोगों ने हजारीबाग के लाल संदीप कुमार पाल अमर रहे, भारतीय सेना जिंदाबाद, जय हिंद, भारत माता की जय और जब तक सूरज चांद रहेगा संदीप तेरा नाम रहेगा किनारों से पूरे वातावरण को गुंजायमान कर दिया। भीड़ में शामिल युवा से लेकर बुजुर्गों के अधिकतर हाथों में तिरंगा था और युवा पीढ़ी के बालक - बालिकाएं अपने मोबाइल कैमरे से इसे कैद कर रहे थे। घर पंहुचने से पूर्व ही इनके पा. र्थव शरीर के सम्मान में हजारीबाग के लोग बड़ी संख्या में कोनार पूल चौक पर सुबह से ही जुटने लगे थे। सभी अपने हाथों में ति. रंगा लहराते हुए इन के सम्मान में नारे लगा रहे थे। आर्मी का गाड़ी जैसे ही कोनार पुलचौक पहुंचा यहां उमड़ा हुजूम दौड़ पड़ा और कोनार पूल के आगे अस्वि. थत पेट्रोल पंप के समीप से



हजारों की संख्या में उमड़े जनसैलाब ने डीजे में देशभक्ति गीत बजाते और तिरंगा झंडा लहराते हुए सैकड़ों बाइको से सवार होकर सम्मान देते हुए खूब नारे- जयकारे लगाने के साथ उनके खिरगांव स्थित पैतृक घर तक ससम्मन पंहुचाया। संदीप के शव के सम्मान में हजारीबाग वासियों ने राष्ट्र और सेना के प्रति जो अद्भुत प्रेम दिखाया वह अतुलनीय है।

संदीप कुमार पाल ने वर्ष 2013 में इंडियन आर्मी ज०इन किया था। ये अंत्यंत निर्धन परिवार से आते थे और शुरुआती दिनों में ये अपने पिता के साथ कचरी बर्रा का दुकान चलाते हुए अपना पठ्न-पाठ्न जारी रखे थे। इनके बड़े भाई प्रिंटिंग प्रेस में कार्य करते हैं। काफी संघर्ष के बाद देश सेवा के जज्बे के बदौलत संदीप में इंडियन आर्मी में बहाली पाई थी। उनके आर्मी में ज्वाइन करने के बाद भी वे जब भी छुट्टी पर घर आते थे अपने मित्रों और परिचितों के अलावा आसपास के लोगों से बड़े ही आत्मीयता के साथ मिलते थे। उनके पार्थिव शरीर पहुंचने के क्रम में उनके घर पर उमड़े भीड़ में लोग इस बात की चर्चा आम रूप से करते हुए पाए गए। संदीप के आर्मी ज०इन करने के बाद परिवार की माली हालत में सुधार हुई थी। पिछले 06 माह पूर्व ही संदीप ने आर्मी में नायक का पद पाया था। लेकिन पहले इनकी मां और फिर महज 32 साल की उम्र में ही नव वर्ष तक देश सेवा करने के बाद संदीप ने दुनिया को अलविदा कह दिया और सभी को रुलाकर परलौक सिधार गए।

## आर्मी जवान संदीप कुमार पाल के निधन पर ग्रामीण बजरंग दल संयोजक कुमार यदुवंशी ने जताया गहरा शोक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



हजारीबाग शहर के खिरगांव मुहल्ले के गडेरी मोहल्ला निवासी 32 वर्षीय भारतीय आर्मी जवान संदीप कुमार पाल का निधन हो गया दरअसल लद्दाख के तुरतुक सेक्टर में एक सड़क हादसे में भारतीय सेना के 7 जवान की जान चली गई उसमें खिरगांव निवासी 32 वर्षीय भारतीय आर्मी जवान संदीप कुमार पाल का निधन हो गया इस क्रम में बजरंग दल ग्रामीण संयोजक कुमार यदुवंशी ने उनके निधन पर गहरा दुख जताया ईश्वर से उनकी दिवंगत आत्मा को श्री चरणों में स्थान व इस समय परिवारजनों को दुख सहने का अदम्य साहस प्रदान करने की कामना की कुमार यदुवंशी ने बताया कि संदीप कुमार पाल महज 09 साल में ही देश सेवा करते हुए दुनिया से अलविदा कह गए संदीप अत्यंत निर्धन परिवार से काफी संघर्ष करते हुए देश की सेवा के जज्बे के आर्मी ज्वाइन किए थे

## आर्मी जवान संदीप कुमार पाल के निधन पर अपेम ने जताया शोक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



हजारीबाग शहर के खिरगांव मुहल्ले के गडेरी मोहल्ला निवासी 32 वर्षीय भारतीय आर्मी जवान संदीप कुमार पाल का निधन हो गया। दरअसल लद्दाख के तुरतुक सेक्टर में एक सड़क हादसे में भारतीय सेना के 7 जवान की जान चली गई उसमें खिरगांव निवासी 32 वर्षीय भारतीय आर्मी जवान संदीप कुमार पाल का निधन हो गया इस क्रम में अपेम ट्रस्ट ने उनके निधन पर गहरा दुख जताया ईश्वर से उनकी दिवंगत आत्मा को श्री चरणों में स्थान व इस समय परिवारजनों को दुख सहने का अदम्य साहस प्रदान करने की कामना की अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति ने बताया कि संदीप कुमार पाल महज 09 साल में ही देश सेवा करते हुए दुनिया से अल. विदा कह गए संदीप अत्यंत निर्धन परिवार से काफी संघर्ष करते हुए देश की सेवा के जज्बे के आर्मी ज्वाइन किए थे। शोक प्रकट करने वालो में अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, मुख्य संरक्षक कपिल प्रसाद केशरी, मुख्य सलाहकार डॉ अनिल कुमार, सचिव दयानंद चौरसिया, सुनील कुमार, रेयाज खान, सोनू पंडित, राज आर्यन उर्फ छोटी, विकास विश्वास, विकास कुमार, पप्पू केशरी, योगेंद्र कुमार एवं विकाश कुमार शामिल हैं।

## अचीवर्स क्लासेस ने आयोजित की स्कॉलरशिप टेस्ट, 70 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



अचीवर्स क्लासेस की ओर से स्वामी विवेकानंद पुस. तकालय में स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया गया। इसमे 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया। टेस्ट एग्जाम का संचालन अचीवर्स क्लासेस के निदेशक डॉ अरविंद ठाकुर ने किया। सभी प्रश्न वस. तुनिष्ठ पूछे गए थे। कुल 30 प्रश्न के लिए कुल अंक 120 था। टेस्ट पूर्वाहन 11 बजे से 12 बजे तक चला। टेस्ट एग्जाम के बाद डायरेक्टर अरविंद ठाकुर ने कहा कि 100 प्रतिशत अंक लाने वाले प्रतिभागी को ट्यूशन फीस में पूरी छूट मिलेगी। उसके बाद वाले प्रतिभागी को भी प्राप्तांक के अनुसार फीस में छूट मिलेगी। मौके पर अरविंद ठाकुर, चन्द्रशेखर कुमारश. शि भूषण, पप्पू चन्द्रवंशी, प्रो बद्री साव, मनोज उपाध्याय, ब्रजेश ठाकुर, दिनेश्वर यादव, प्रहलाद प्रसाद, रवि शंकर यादव, राजकुमार राणा, मनोज कुमार, पप्पू खान, अशोक यादव,उमेश कुमार, अनिल कुमार आदि लोग मौजूद थे।




डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## भाकपा माले ने नगरनिगम गिरिडीह पर लगाए कई अहम आरोप

**अपेम लाइव :गिरीडीह**

**बजरंगी महतो**



भाकपा माले के गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा ने ग्रामीण के आग्रह पर बोडो तालाब निरीक्षण करने पहुँचे,सैकड़ो लोग ने शिकायत की थी कि गंदा पानी तालाब में गिर रहा है। भाकपा माले नेता रा. जेश सिन्हा ने स्थल निरीक्षण कर के कहा कि बोडो कब्रिस्तान के पश्चिम में एक जिंदा तालाब है,जिसमें सैकड़ो परिवार नहाते धोते है। छठ दशहरा,पर्व त्योहार इसी तालाब का उपयोग होता है,किन्तु नगर निगम के कर्मी, ठेकेदार और अफसर को यह नहीं दिखा ।,इसी तालाब में वार्ड नम्बर चार की गंदी नाली का पानी को गिरा दिया गया है, ।वार्ड वाले दो बड़े बड़े दल के नेता के पास आवेदन लेकर गए लेकिन उस आवेदन पर कोई पहल नहीं हुई। वार्ड चार के युवा लोग माले के विधानसभा प्रभारी को याद किया,तुरंत पहुँचे और ग्रामीणों के साथ क्षेत्र भ्रमण किया,स्थिति खराब है,। माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा कि आस्था,धर्म और सेंटीमेंट के साथ खिलवाड़ कर रहे है नगरनिगम के अधिकारी और इंजीनियर और प्रति. निधि,। यदि जल्द सुधार नहीं किया गया तो,तालाब में घुसकर ही आंदोलन किया जाएगा। इसी प्रकार 28 नंबर चौताडीह में भी तालाब में गंदी नाली का पानी छोडी जा रही है। गिरिडीह,नगरनिगम जान बूझकर आस्था के साथ,सामाजिक और धार्मिक लोगो के साथ भद्दा मजाक कर रहा है।महिलाएं,बच्चे,बुजुर्ग,युवा सब आहत है,इस वार्ड में कुछ इलाके को नगरनिगम इग्नोर करता है,लाइट,नाली,सफाई सभी कार्यो में इस एरिया को पीछे रखते है,खुलकर विरोध किया जाएगा। वार्ड 4 के वार्ड कमिश्नर मो पप्पू ने कहा कि यह गलत हुआ है,इसको नगरनिगम में आवाज उठाएंगे,जल्द होगा सुधार कार्य। वार्ड चार के युवा राजन साव,संदीप गुप्ता,अभिषेक सिन्हा, अमित गुप्ता,रोशन सिन्हा, दीपक राय,विकास कुमार,राजेश रजक,राजू गोस्वामी,सुरेंद्र कुमार,रंजन कुमार,राहुल कुमार,अजीत सिन्हा,राकेश कुमार,बाली साव आदि सैकड़ो लोगो ने अपना विरोध जताया।

## गिरीडीह के अभिषेक कुमार ने राज्यस्तरीय सीनियर वुशु प्रतियोगिता में जीता कास्य पदक


**अपेम लाइव :गिरीडीह**

**प्रमोद कुमार गुप्ता**



गिरीडीह :-जमशेदपुर में चल रहे राज्यस्तरी सीनियर वुशू (कुंफु) प्रतियोगिता में गिरीडीह के अभिषेक कुमार ने कस्य पदक जीत कर गिरीडीह का नाम रौसन किया। गिरीडीह वुशु संघ के उपाध्यक्ष अमित स्वर्णकार ने बताया की 28 और 29 मई को जमशेदपुर में सीनियर राज्यस्तरीय वुशु प्रतियो. गिता चल रही है जिसमे गिरीडीह के दो खिलाड़ि अभिषेक कुमार और राकेश कुमार कोच आकाश कुमार स्वर्णकार के साथ भाग लेने जमशेदपुर गए थे । जिसमे आज दूसरे दिन अभिषेक कुमार कास्य पदक जीतने में कामयाब रहे जिस से गिरीडीह के सभी वुशु खिलड़ियों में खुशि का माहौल है। जिला अध्यक्ष संदीप डंगायच ने बताया कि गिरीडीह में वुशु संघ का गठन अभी कुछ दिन पहले ही हुआ है और ये खेल गिरीडीह में एक दम नया है इसके बाउजूद पहली बार गिरीडीह की टीम ने सीनियर राज्यस्तरी वुशु प्रतियोगिता में भाग लिया और पदक जीतने में कामयाब भी रहे। उन्होंने कहा कि इन खिलाड़ियो को गिरीडीह वापस आने पर जिला संघ के द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन कर इन्हें सम्मनित किया जाये गा और अब इन खिलाड़ियों को और अच्छे प्रशिक्षण मिले इसके लिया गिरीडीह में एक कोचिंग कैम्प और जून महीने में एक इंटर डिस्ट्रिक्ट वुशु प्रतियोगिता कराने की योजना है। खिलड़ियों की इस उपलब्धि के लिए गिरीडीह जिला वुशु संघ के संरक्ष-मुकेश जालान, अनिल मिश्रा, राजेंद्र तर्वे , अध्यक्ष -संदीप दंगाइच , उपाध्यक्ष -एसके पटनायक, संतोष खत्री, अमित स्वर्णकार, सचिव -अकाश कुमार स्वर्णकार ,सह-सचिव रोहित कुमार राय ,शशिकांत विश्वकर्मा कोषा अध्यक्षया -अनिता कुमारी ओझा, कार्यकारिणी सदस्य ज्योति कुमार ,भोला कुमार, अविनाश कुमार, प्रतीक सिंह ,कुमार सुकेश ने विजेता अभिषेक कुमार और कोच आकाश कुमार स्वर्णकार को शुभकामनाएं दी और इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कल सोमवार को मनाई जाएगी वट सावित्री व्रत पूजन





**अपेम लाइव :गिरीडीह**

**बजरंगी महतो**

प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ मास में कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को वट सावित्री व्रत पूजा समस्त सौभाग्यवती महिलाऐं अखंड सौभाग्य प्राप्त करने के लिए वट सावित्री व्रत रखकर वट वृक्ष और यमदेव की पूजा अर्चना करती है। भारतीय संस्कृति में यह व्रत आदर्श नारित्व का प्रतीक एवं पर्याय है। वट सावित्री व्रत में वट (बरगद) और सावित्री दोनों का ही विशेष महत्व है। धर्मग्रंथों के आधार पर वटवृक्ष के मूल (जड़) में ब्रह्मा, मध्य (तना) में विष्णु और अग्रभाग (पतों और टहनियों) में भगवान् शिव का वास माना जाता है। वट सावित्री व्रत के पिछे एक पौरोणिक कथा प्रचलित है। कथानुसार सावित्री राजा अश्वपति की इकलौती संतान थी, जिसे राजा ने बहुत ही कठिन तपस्या करके देवी सावित्री की कृ पा से प्राप्त किया था। इसलिए राजा ने अपनी पुत्री का नाम सावित्री रख दिया। सावित्री बचपन से ही बहुत गुणवान और सत्यवान थी। सावित्री जब विवाह योग्य हुई तो राजा अश्वपति ने बहुत ढूंढा मगर अपनी पुत्री सावित्री के योग्य वर नही ढूंढ पाए। थकहारकर अपनी पुत्री पर अपना वर खुद ढूंढने की जिम्मेदारी सौंप दी। एक दिन सावित्री वन भ्रमण के लिए निकली तो उसकी नज़र लकड़ी काटते सत्यवान पर पड़ी उससे बा. तचीत करने के उपरांत उसके गुणों और सादगी के कारण मन ही मन अपना वर मान लिया। सत्यवान साल्व देश के राजा धुमत्सेन का पुत्र था। राजा धुमत्सेन के राजपाट को किसी अन्य राजा ने आक्रमण कर उससे राजपाट छीन लिया और उसे राज्य से बाहर निकाल दिया था। इतनी कठोर दुख के ना सह पाने के कारण उसकी आंखों की रोशनी चली गई थी। सत्यवान और सावित्री के विवाह के पूर्व ही महर्षि नारद ने सावित्री को बता दिया था कि सत्यवान अल्पायु है। सत्यवान के जीवन के कुछ ही दिन शेष बचे हैं मगर सावित्री ने यह सब जानते हुए भी सत्यवान से विवाह करने का निश्चय अटल रखा। सावित्री ने महर्षि नारद को उत्तर दिया कि भारतीय नारी जीवन में मात्र एक बार पति का वरण करती है बार बार नही। मैने सत्यवान को मन ही मन अपना पति मान चुकी हूं यदि उसके लिए मुझे मृत्यू से भी लड़ना पड़ेगा तो मैं तैयार हूं। सत्यवान और सावित्री का विवाह संपन्न हो गया। सत्यवान की मृत्यू का समय निकट आ रहा था। अपने पति के मृत्यू के तीन दिन पूर्व ही सावित्री ने अन्न जल त्याग दिया था। मृत्यू वाले दिन सत्यवान जब लकड़ी काटने जंगल जाने लगा तो सावित्री भी साथ में गई और जब मृत्यू का समय निकट आ गया तो सावित्री ने अपने पति का सर गोद में लेकर वटवृक्ष के नीचे बैठ गई। यमदूत जब प्राण लेने आए सत्यवान का तो उन्होने देखा कि एक सत्यवती और पतिव्रता नारी के गोद में सत्यवान का सर रखा हुआ है। सावित्री के सत्य के तेज के सामने यमदूत ज्यादा देर तक टिक नहीं पाए और वे वापस यमलोक पहुंच कर सारा दृश्य से यमराज को सूना दिया। यमराज खुद आए और सत्यवान का प्राण लेकर यमलोक की ओर बढ़ चले सावित्री यमराज के पीछे पीछे चल पड़ी। यह देखकर यमराज चिंतित हो उठे और उन्होंने सावित्री से वापस लौट जानें को कहा। सावित्री ने यमराज से बोली कि मैं बगैर अपने पति के वापस नहीं लौटुंगी। यमराज ने विवश होकर सावित्री से कहा कि पुत्री तुम अपने पति के प्राण वापस करने को छोड़कर तीन वरदान मांग लो जो मांगना हो। सावित्री ने बुद्धिमिता पूर्वक पहला वरदान में अपने नेत्रहीन सास ससुर की आंखों की रोशनी मांगी और दूसरे वरदान में उनका खोया हुआ राजपाट और तीसरे वरदान में संतान होने का वर मांग ली। यमराज के तथास्तु कहते ही मृत्युपाश से मुक्त होकर वट वृक्ष के नीचे पड़ा हुआ सत्यवान का मृत शरीर जीवित हो उठा। तभी से अखंड सौभाग्य प्राप्ती के लिए इस व्रत में वट वृक्ष और यमदेव की पुजन अर्चन करने का विधान बन गया।

## गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र में होल्डिंग टेक्स बढ़ोतरी के खिलाफ़ माले जल्द करेगी विरोध प्रदर्शन










**अपेम लाइव :गिरीडीह**

**बजरंगी महतो**

गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र में होल्डिंग टैक्स की बढ़ोतरी के खिलाफ़ भाकपा माले जल्द करेगी नगर निगम गेट पर विरोध प्रदर्शन ये बातें मीडिया से मुखातिब होते हुए भाकपा माले नेता सह गिरिडीह विधान सभा प्रभारी क०मरेड राजेश सिन्हा ने कही। उन्होने नगर निगम के इस निर्णय के खिलाफ़ कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि गिरिडीह नगर निगम आम जनता के लिए नहीं है निगम,सुस्त है जबकि खास के लिए चुस्त दुरुस्त है। होल्डिंग टैक्स बढ़ोतरी में गड़बड़ झाला है,बिना बोर्ड में पास हुए आप जनता पर दो गुना और तीन गुणा बढ़ोतरी की गई,नगरनिगम के बोर्ड की स्वीकृति लेना अनिवारी है,लोग दबे आवाज में वि. रोध कर रहे है,सत्त्ता वाली पार्टी को इसपर तुरंत संज्ञान लेने की जरूरत है,श्री सिन्हा ने कहा कि पिछले बार ऐसी बढ़ोतरी को बंद करवाया था बोर्ड ने,इसबार बिना बोर्ड के ही पास हुआ है,ऐसी शिकायत कई वार्ड कमिश्नर ने की है खुलकर बात करने में हिचकिचा रहे है। ज्ञात हो नगरनिगम में 36 वार्ड है,और भी प्रतिनिधि है अफसर है,टैक्स में बढ़ोतरी के लिए कितने बार बैठक हुई है,इस बात की भी जानकारी,भाकपा माले जनता को बताने की अपील करती है,नगरनिगम से। नगरनिगम में बसस्टेंड में भी टेक्स की बढ़ोतरी की गई है,टोल टेक्स में भी,टोटो और अ०टो को भी बढ़ोतरी है,मतलब जनता से नगरनिगम को कोई लेना देना नहीं है,माले ने कहा कि नगर निगम अगले महीने के पहले सप्ताह तक इस टेक्स की कमी कर ले या आप जनो से,मत ले ले उसके बाद इसपर मुहर लगे,वैसे वार्ड कमिश्नर जो होल्डिंग टेक्स के विरुद्ध खड़ा हो,सामने आना होगा।

## स्कार्पियो दुर्घटना ग्रस्त 3 युवक घायल रेफर

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

**सुनिल कुमार**



बरकठ्ठा गोरहर थाना क्षेत्र के सिक्सलेन ग्राम बेलकपी नाला के पास एक सिल्वर कलर की स्कार्पियो जेएच 01 एएस 4200 अनियंत्रित होकर तीन चार बार पलटी मार कर पलट गई जिससे स्कार्पियो चला रहे 18 वर्षीय अंकु मोदी पिता राजू मोदी समेत अमन कुमार साजन कुमार दोनों के पिता संतोष गुप्ता बरकठ्ठा निवासी बुरी तरह घायल हो गए प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कार्पियो की गति इतनी तेज थी लोग अचंभित हो गए स्कार्पियो फिल्मी स्टाइल में 50 मीटर तक पलटते हुए 20 फिट नीचे खेत मे जा गिरी ।घटना कज जानकारी के बाद गोरहर थाना प्रभारी राधा कुमारी ने सदलबल आकर स्कार्पियो से घायलों को पुलिस जवान ने निक. ाला व बरकठ्ठा सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया सभी घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद हजारीबाग मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया वही घायलों की स्थिति जानने के लिए समाजसेवी यासीन खान बाबू, मुखिया बसन्त साव, अजित यादव, इंद्रजीत प्रसाद पहुच कर परिजनों को ढांढस बंधाया ।

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## संत कोलंबा कॉलेज के नए प्रिंसपल डॉ जे आर दास होंगे'

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



संत कोलंबा कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य के पद पर दर्शनशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ जे आर दास को नियुक्त किया गया है. राजभवन से प्राप्त पत्रांक संख्या टठ्न, विविध, 02/2019/1400/जी.एस. दिनांक 25 मई 2022 के आलोक में उक्त निर्देश का अनुपालन शनिवार को विश्वविद्यालय के द्वारा कर दी गई है. वर्तमान में कार्यरत प्राचार्य डॉ एस के टोप्पो को तत्काल प्रभाव से मुक्त करते हुए उन्हें पैतृक विभाग में योगदान करने का निर्देश दिया गया है. डॉक्टर जी आर दास नियमित प्राचार्य की नियुक्ति होने तक अगले आदेश तक अपने पद पर बने रहेंगे. रेगुलेशन 2018 के तहत अधिकतम 10 वर्ष की अवधि तक ही प्राचार्य को पद पर बने रहने का प्रावधान है. वर्तमान प्राचार्य ने 10 वर्ष की सेवा अवधि 2019 में ही पूरी कर ली थी. क्त जानकारी विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पीआरओ डॉ प्रमोद कुमार ने दी है.

## चंद्रवंशी महासभा की जिला कमेटी की बैठक

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**




हजारीबाग : अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा हजारीबाग जिला शाखा की बैठक आज दिनांक 29 मई 2022 को जैन मंदिर रोड बड़ा बाजार हजारीबाग के पास आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता अजीत कुमार चंद्रवंशी जिला अध्यक्ष के द्वारा एवं संचालन प्रदेश युवा अध्यक्ष राकेश वर्मा के द्वारा की गई। बैठक में मुख्य रूप से चंद्रवंशी महासभा के आगामी कार्यक्रम के बारे में विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अजीत कुमार चंद्रवंशी ने अपने संबोधन में बताया कि चंद्रवंशी महासभा झारखंड सरकार से मांग करती है कि झारखंड में भी 27ः आरक्षण ओबीसी का केंद्र की तरह लागू किया जाए और चंद्रवंशी समाज के साथ-साथ अन्य समाज जो सी एन टी एक्ट में रहना नहीं चाहते हैं उन्हें बाहर किया जाए। जिला अध्यक्ष अजीत चंद्रवंशी ने अपने संबोधन में बताया कि हमारा महासभा का रजिस्ट्रेशन 2145/1912 करीब करीब 110 वर्ष पुराना है कुछ लोग इस रजिस्ट्रेशन में छेड़छाड़ कर अपने आप को सही ठहराने पर लगे हुए हैं जो बिल्कुल गलत है।महासभा के द्वारा अगले माह रांची में एक बड़ा सम्मेलन आयोजित होगा जिसमें महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार एवं राष्ट्रीय महामंत्री सुदेश चंद्रवंशी भी शामिल होंगे। प्रदेश अध्यक्ष जग. न्नाथ राम चंद्रवंशी, राष्ट्रीय महामंत्री सुदेश कुमार चंद्रवंशी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ० प्रेम कुमार के नेतृत्व में राज्यपाल और मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा जाएगा जिसमें 27 परसेंट आरक्षणकी मांग और सीएनटी एक्ट से बाहर करने की मांग की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष प्रदेश युवा अध्यक्ष राकेश वर्मा, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य रविंद्र प्रसाद,विजय राम चंद्रवंशी, दुर्गा राम चंद्रवंशी, राजेंद्र प्रसाद,जिला उपाध्यक्ष मनोज वर्मा, प्रदेश युवा महामंत्री राजन वर्मा, जिला युवा अध्यक्ष शैलेश चंद्रवंशी, मोहित वर्मा, जिला मंत्री सुधीर वर्मा, महेंद्र वर्मा, विक्की वर्मा, रितेश कुमार,सुभाष कुमार चंद्रवंशी,अंशु चंद्रवंशी,सुजल वर्मा आदि दर्जनों लोग उप. स्थित थे।

## मृतक बिरेन्द्र सिंह के पीड़ित परिवार से मिला भाजपा का शिष्टमंडल, मदद का दिया भरोसा

### पीड़ित को न्याय दिलाने व दोषियो को गिरफ्तारी के लिए एसपी से मिलेंगे : मनोज यादव

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा के अगुवाई व पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के उपस्थिति में भा. जपा का एक शिष्टमंडल ककरौला कांड में मृतक बिरेन्द्र सिंह के पीड़ित परिवार से मिला। पडरिया पहुँचा भाजपा के शिष्टमंडल ने घटना का विस्तृत जानकारी लेते हुए कहा घटना निंदनीय है। पीड़ित परिवार ने भाजपा शिष्टमंडल से एक स्वर में कहा कि दोषियो पर कठोर कार्यवाई होना चाहिए और पीड़ित परिवार को न्याय मिले। उपस्थित परिजनों से पूर्व विधायक ने कहा कि दोषियों को सजा दिलाने व पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए भाजपा हर संभव प्रयासरत है। कहा भाजपा का हमारा एक शिष्टमंडल एसपी से मिलकर दोषियों को गिरफ्तारी की मांग करेंगे वही डीसी से मिलकर पीड़ित परिवार को सरकारी नौकरी दिलाने की मांग करेंगे। पूर्व विधायक ने कहा कि इस कांड में पीड़ित परिवार व अन्य ला. गों के खिलाफ झूठा मुक. दमा दर्ज किया गया है, पुलिस मामले को जांचे व निर्दोष को बरी करें। मालूम हो कि पडरिया में विजय जुलुश के दौरान ककरौला में हिंसक झड़प में पडरिया निवासी सह भाजपा कार्यकर्ता बिरेन्द्र सिंह का हत्या कर दिया गया था। मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा ने कहा स्थानीय विधायक के दवाब में दोषियों को संरक्षण दिया जा रहा है। शिष्टमंडल में सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय, एसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामस्वरूप पासवान, भाजपा नेता राजदेव यादव, सीताराम साहू, सुनील सिंह, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रंजन सिंह, महामंत्री अरविंद सिंह, के अलावे ब्रह्मऋषि समाज के चौय अध्यक्ष सुधीर सिंह, सतेंद्र सिंह, सियाराम सिंह, प्रवीण सिंह, ज्योतिष ब्रह्देव पांडेय, विद्यासागर पांडेय, प्रकाश सिंह, मंटू सिंह, योगेश सिंह, रामजीवन सिंह, दिलीप सिंह, सुनील सिंह, राजकुमार सिंह, मंटू सिंह, सहित अन्य।

## भाजपा गिरिडीह नगर इकाई की महत्वपूर्ण बैठक स्टेशन रोड़ स्थित कार्यालय में संपन्न

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




आज रविवार को भारतीय जनता पार्टी गिरिडीह नगर के द्वारा नगर कार्यालय स्टेशन रोड गिरिडीह प्रांगण में बैठक आहूत की गई है बैठक का मुख्य उद्देश्य सरकार के द्वारा बढ़ाऐ गये होल्डिंग टैक्स एवं पानी टैक्स के अलावा विभिन्न मुद्दों को लेकर झारखंड सरकार के विरोध में निम्नलिखित कार्यक्रमों को आहूत करने का निर्णय लिया गया जिसमें भाजपा के नगर ,जिला एवं प्रदेश के कई पदाधिकारी ,वार्ड पार्षद एवं कार्यकर्तागण कार्यालय में उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से गिरिडीह नगर निगम के मेयर श्री प्रकाश राम ,जिला महामंत्री श्री संदीप डगैच एवं कार्यक्रम संचालन हरविंदर सिंह बग्गा के द्वारा किया, बैठक में मोतीलाल उपाध्याय , विनीता कुमारी रंजन सिंहा रंजीत सिंह सोनू चौरसिया सिकु सिन्हा संतोष गुप्ता नवनीत सिंह कुसुम सिन्हा डोली तिवारी विद्या देवी रीना शर्मा समीर दीप अरुण गुप्ता संतोष गुप्ता समेत कई कार्यकर्ता एवं नेतागण मौजूद थे। विभिन्न मुद्दों पर बिंदुवार चर्चा हुई।

1. दिनांक 30-5-2022 महामहिम राज्यपाल के नाम से उपायुक्त महोदय को ज्ञापन।
2. दिनांक 3 एवं 4-6-2022 को विभिन्न चौक चौराहों पर नुक्कड़ सभा का आयोजन।
3. दिनांक 5-6-2022को नगर निगम कार्यालय में घेराव एवम धरना प्रदर्शन।
4. दिनांक 9-6-2022 को 9 बजे 12बजे तक स्वेच्छा से सांकेतिक बंद का आह्वान।

## उप मुखिया बनने के लिए वार्ड सदस्यों में लॉबिंग शुरू, धनराशि का मिल रहा प्रलोभन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



पहले चरण में बरही प्रखण्ड के सभी 20 पंचायतो से वार्ड सदस्य चुनकर आ गए है। अब वार्ड सदस्यों ने उप मुखिया बनने के लिए लॉबिंग शुरू कर दिया है। ज्यादातर पंचायतों में धनराशि का प्रलोभन भी मिलना शुरू हो गया है। पंचायत में मुखिया के बाद उप मुखिया बेहद ही महत्वपूर्ण पद है। मुखिया के अनुपस्थिति में उसकी जिम्मेदारी उप मुखिया की ही होती है। यदि किसी कारणवश किसी मुखिया की मृत्यु, वितीय अनियमितता पर वितीय शक्ति जप्त होने या इस्तीफे से पद खाली हो जाती है तो मुखिया की पूरी जिम्मेदारी उप मुखिया की हो जाती है। मुखिया का पद निर्वाचित है जबकि उपमुखिया पंचायतो में चुने गए वार्ड सदस्यों द्वारा चुना जाता है। अब बरही प्रखण्ड में चुनकर आये वार्ड सदस्यों में उप मुखिया बनने कि महत्वकांक्षा बढ़ गया और अपने पक्ष में संख्या बल जुटाने के लिए वार्ड सदस्यों को राशि का प्रलोभन देना शुरू कर दिए है। बरही प्रखण्ड में उप मुखिया बनने की ललक ज्यादा है। मालूम हो कि उप मुखिया का पद अनरक्षित होता है इसलिए ज्यादातर पुरुष उम्मीदवार उपमुखिया बनने के लिए अपने पक्ष में ज्यादा लॉा. बंग करते नजर आ रहे है। पंचायत के मुखिया भी अपने समर्थक को उप मुखिया का ताज देना चाह रहे है वही मुखिया चुनाव में पराजित उम्मीदवार अब अपने समर्थक को उप मुखिया बनाकर वर्तमान मुखिया पर नकेल कसने की तैयारी में लगे है। अब आने वाले वक्त ही बतलायेगा की उप मुखिया का ताज किसके माथे सजदा है कौन अपनी रणनीति में सफल होता है।



APEM LIVE